विज्ञापन संख्याः–.........04........./2021
निविदा संशोधन सूचना

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित युटिलिटी/प्रशासनिक भवन की कुल 10 दूकानों के आवंटन हेतु विज्ञापन सं० 1/2021 के माध्यम से दिनांक– 08.02.2021 को निविदा सूचना प्रकाशित की गई थी जो अन्य प्रचार प्रसार के माध्यमों के साथ साथ अकादमी की वेबसाईट www.bpa.bihar.gov.in पर भी प्रकाशित की गई थी, और जिसकी जमा करने की अंतिम तिथि 01.03.2021 को 17:00 बजे तक थी, जिसमें 43 निविदाकर्त्ताओं के निविदा प्राप्त हुये। निविदा में उल्लेखित था कि दूकान का आवंटन तकनीकी एवं वित्तीय बिड के आधार पर किया जायगा। वित्तीय बिड के आधार पर दूकानों के आवंटन का उद्वेश्य प्रशिक्षणरत् परिवीक्ष्यमान प्रशिक्षुओं को सस्ते एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराना, सामानों के क्रय के लिए बाहर जाने के दौरान संभावित कोविड संक्रमण से बचाने के साथ साथ राज्य के लिए राजस्व एवं अकादमी के लिए Amenity fund (अकादमी के रूग्ण कर्मियों/पदाधिकारियों के ईलाज एवं अन्य कल्याण संबंधी गतिविधियों के लिए) उत्पन्न करना भी था।

निविदा सूचना की कंडिका–5 मे स्पष्ट अंकित है कि पुलिस उप–महानिरीक्षक सह उप–निदेशक बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को निविदा की किसी शर्त को शिथिल करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित हैं। अवलोकन उपरांत पाया गया कि कुछ दूकानों को छोडकर अन्य दूकानों के लिए पर्याप्त संख्या मे निविदाकर्त्ता नहीं आ सके हैं। अतएव उपरोक्त के आलोक में अधिक से अधिक निविदाकर्त्ताओं का आना सुनिश्चित करने के लिए निदेशानुसार यह निर्णय लेते हुये निविदा डालने की अंतिम तिथि 10 दिनों तक बढा कर दिनांक– 14.03.2021 तक की जाती हैं एवं निविदा खोलने की तिथि दिनांक–15.03.2021 दिन सोमवार समय 11:00 बजे निर्धारित की जाती है। साथ ही विधिक परामर्श लेने के पश्चात् उपरोक्त कंडिका–5 मे प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य हेतु अधिकाधिक राजस्व संग्रहण हेतु निविदा हेतु नई शर्त स्वीकृत की जाती है कि दुकान का आवंटन खुली निविदा (Open Bidding/Auction) के आधार पर किया जायगा। पूर्व में निविदा जमा कर चुके निविदाकर्त्ताओं की निविदा मान्य होगी और उन्हे नये सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। किन्तु इस 10 दिनों की समयावधि में कुछ नये निविदाकर्त्ता निविदा कर सकते है जिससे अधिक से अधिक निविदा आमंत्रित करने का लक्ष्य पूरा किया जा सकें। शेष शर्ते नयी तिथि के साथ पूर्ववत रहेगी।

3/3/2021

पुलिस उप–महानिरीक्षक सह उप– निदेशक
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

ज्ञापांक – 440/अका०

दिनांक – 03/03/2021